DOON UNIVERSITY
NEWSPAPER CLIPPING SERVICES

दून विश्वविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय रंगमंच महोत्सव में सोमवार को रुमेला नाटक का मंचन करते कलाकार • जागरण

ओथेलो पर आधारित नाटक 'रुमेलो' का मंचन

जागरण संवाददाता, देहरादून : उत्तर नाट्य संस्थान एवं रंगमंच लोक कला विभाग दून विश्वविद्यालय के तत्वावधान में विलयम शेक्सपियर के नाटक ओथेलो पर आधारित गढ़वाली नाटक 'रुमेलो' का मंचन किया। नाटक ईर्ष्या, प्रतिशोध एवं नस्लवाद की विनाशकारी शक्ति पर आधारित है। रुमेलो की भूमिका सृजन डंगवाल ने निभाई।

सोमवार को विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर आयोजित नाटक के मंचन की शुरुआत मुख्य अतिथि लोक गायक नरेन्द्र सिंह नेगी ने दीप जलाकर की। रंगकर्मी कैलाश कंडवाल ने बताया कि रुमेलो नाम के एक बहादुर योद्धा की जीवनी पर आधारित है, जो मुलेठ गढ़ की सेवा करता है। रुमेलो मुलेठ गढ़ के अमीर कलदार साह की बेटी रुकमा से विवाह करता है। नाटक में ओथेलो एक अल्पकालिक खलनायक का किरदार है। वह रुमेलो से ईर्ष्या कर, मारने की साजिश करता है। वहीं, रुमेलो को रुकमा के बारे में गलत जानकारी साझा करता है। रुमेलो रुकमा की हत्या कर, खुद के जीवन को भी समाप्त कर देता है। नाटक का मुख्य उद्देश्य वास्तविक जीवन के समीप रखने की कोशिश करना है। इस मौके पर उत्तर नाट्य संस्थान के अध्यक्ष एसपी ममगाईं, सचिव रोशन धस्माना, मंजुल मंयक मिश्रा, डा. हर्ष डोभाल, कुलानंद घनशाला आदि मौजूद रहे।

नाटक में बताया गया कि रुमेलो एक बहादुर योद्धा है, जो मुलेठ गढ़ के अमीर कलदार साह की बेटी रुकमा से विवाह करता है

News paper – Hindustan
Date – 2.04.2024